Rajasthan Patrika, Ahmedabad, Nov 25 2008

नवरचना स्कूल बना विजेता

अग्रसेन विधालय उपविजेता

टी.सी.एस. आई.टी. विज-2008

अहमदाबाद, 24 नवम्बर (का.सं.)। वडोदरा के नवरचना स्कूल ने सोमवार को सूचना तकनीक कंपनी टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टी.सी.एस.) की ओर से आयोजित अंतर स्कूली आई.टी. विज-2008 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जीत ली।

इस प्रतियोगिता में अहमदाबाद के नवरंगपुरा स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय ने टाई ब्रेकर में अहमदाबाद के ही दिल्ली पब्लिक स्कूल (डी.पी.एस.) को हराकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

शहर के पालडी स्थित स्कूली बच्चों से खचाखच भरे टैगोर हॉल में अहमदाबाद संस्करण की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

टी.सी.एस की ओर से प्रति वर्ष अंतर स्कूली आई.टी. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इसके तहत इस वर्ष भी अहमदाबाद क्षेत्र के तहत 1200 स्कूलों में से 6 स्कूल फाइनल दौर के लिए चयनित किए गए।

यह प्रतियोगिता आठ से बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। इस प्रश्नोत्तरी का उद्देश्य विद्यार्थियों में सूचना तकनीक के संबंध में जागरूकता फैलानी है।

आई.सी.एल के कार्यकारी सदस्य किरण मोरे ने 8 0 अंकों के साथ विजेता रही नवरचना स्कूल को ट्रॉफी प्रदान की। अंतिम राउण्ड तक नवरचना स्कूल अन्य पांच स्कूलों से काफी आगे थी। इस राउण्ड तक डी.पी.एस. तथा अग्रसेन विद्यालय के 40-40 अंक थे। टाईब्रेकर पर बजर राउण्ड में एक सवाल एप्सन कंपनी के बारे में पूछा गया जिसका सही जवाब अग्रसेन विद्यालय के छात्रों ने दिया। इस प्रतियोगिता के दौरान सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों के लिए भी कुछ प्रश्न पूछे गए थे। इन प्रश्नों का सही जवाब देने वालों को पुरस्कार दिया गया। अहमदाबाद के अलावा यह प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भुवनेश्वर, कोयम्बटूर, दिल्ली,हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ व पुणे में भी आयोजित की जा रही है।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से अहमदाबाद के टैगोर हॉल में सोमवार को टीसीएस आईटी विज 2008 के समापन पर पुरस्कार प्रदान करते किरण मोरे व कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी।